**UPGB050026872022**

**न्यायालय सिविल जज (सी. डि.), गौतमबुद्धनगर**

**उपस्थित : मंयक त्रिपाठी-द्वितीय (उ0प्र0 न्यायिक सेवा)**

**J.O.Code- UP01953**

**सिविल वाद सं. 1537/2022**

**तेजराम बनाम शिवम भडाना आदि**

**दिनांक- 28.10.2024**

पत्रावली प्रस्तुत हुई। पुकार करायी गयी। पुकार पर वादी के विद्वान अधिवक्ता उपस्थित आये।

वादी द्वारा प्रा.प. 16क इस आशय का दिया गया है कि उपरोक्त वाद वादी द्वारा प्रतिवादी के विरुद्ध बैनामा निरस्तीकरण के लिए दायर किया गया था। उभयपक्ष के मध्य समझौता हो गया है। वादी अब प्रतिवादी का बैनामा निरस्त नहीं कराना चाहता तथा बिना शर्त वापस लेना चाहता है।

प्रतिवादी की ओर से कोई उपस्थित नहीं है।

सुना तथा पत्रावली का अवलोकन किया।

चूँकि वादी स्वंय अपने वाद का स्वामी होता है व उक्त वाद में वादी अपना वाद नहीं चलाना चाहता है, वादी अपना वाद वापस लेना चाहता है। ऐसी स्थिति में वाद को आगे चलाए जाने का कोई औचित्य नहीं है। अतः प्रस्तुत वाद अधोलिखित शर्तों के अधीन वापस किए जाने योग्य है।

**आदेश**

वाद वापसी प्रार्थना-पत्र 16क स्वीकार करते हुए वादी का वाद इस शर्त के साथ वापस किया जाता है कि वह भविष्य में समान विषय वस्तु व समान आधार पर दूसरा वाद योजित करने से निवारित रहेंगा। वाद आवश्यक कार्यवाही पत्रावली नियमानुसार दाखिल अभिलेखागार हो।

( मंयक त्रिपाठी-द्वितीय )
सिविल जज (सी.डि.), गौतमबुद्धनगर
J.O.Code-UP01953

“Check and verify the genuineness of the order throughwww.ecourts.gov.in”

Digitally signed by Mayank Tripathi
Date: 2024.10.28 10:25:07 IST
Reason: Document Owner
Location: District and Sessions Court